www.krgcgwalior.org
फोन –– (0751) 2625495

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक /अका.प्र./2017 ग्वालियर दिनांक 8 जुलाई, 2017

## विद्या परिषद की बैठक दिनांक 07 जुलाई, 2017 का कार्यवाही विवरण

दिनांक 07 जुलाई, 2017 को महाविद्यालय की विद्या परिषद की बैठक दोपहर 3:00 बजे स्वशासी विभाग के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नानुसार उपस्थिति रही –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. प्रभा मेहता, प्राचार्य | | **अध्यक्ष** | उपस्थित |
| **शासी निकाय द्वारा मनोनीत** | | | **सदस्य** | |
| 1. | श्री जयप्रकाश मिश्रा | | | उपस्थित |
| 2. | श्री विष्णु जैन | | | अनुपस्थित |
| 3. | डॉ. एस.एन. झा | | | उपस्थित |
| 4. | डॉ. जीवनलाल मेवाफरोश, | | | अनुपस्थित |
| 5. | डॉ. संगीता शुक्ला | | | अनुपस्थित |
| **जीवाजी विश्वविद्यालय के मनोनीत प्रतिनिधि –** | | | **सदस्य** | |
| 1. | प्रो. राजीव जैन | | | अनुपस्थित |
| 2. | प्रो. रेनू जैन | | | उपस्थित |
| 3. | प्रो. उमेश होलानी, | | | उपस्थित |
| **महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष –** | | | **सदस्य** | |
| 1. | डॉ. इला शुक्ला | हिन्दी | | उपस्थित |
| 2. | डॉ. कृष्णा जैन | संस्कृत | | अनुपस्थित |
| 3. | डॉ. सविता श्रीवास्तव | अंग्रेजी | | उपस्थित |
| 4. | डॉ. वसीम इफ्तेखार अंसारी | उर्दू | | अनुपस्थित |
| 5. | डॉ. एन.सी. शर्मा | गणित | | उपस्थित |
| 6. | डॉ. बी.एम. कुलश्रेष्ठ | वनस्पतिशास्त्र | | उपस्थित |
| 7. | डॉ. राजेन्द्र दुबे | प्राणिशास्त्र | | उपस्थित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. | श्री वी.जी. तैलंग | भौतिकशास्त्र | उपस्थित |
| 9. | डॉ. सी. एस. गोस्वामी | रसायनशास्त्र | उपस्थित |
| 10. | डॉ. संध्या मोघे | दर्शनशास्त्र | उपस्थित |
| 11. | डॉ. जया जैन | चित्रकला | उपस्थित |
| 12. | डॉ. मीरा मित्तल | अर्थशास्त्र | उपस्थित |
| 13. | डॉ. अनुपम गुप्ता | राजनीतिशास्त्र | उपस्थित |
| 14. | डॉ. आभा वार्ष्णेय | भूगोल | उपस्थित |
| 15. | डॉ. मीना श्रीवास्तव | इतिहास | उपस्थित |
| 16. | डॉ. विमलेश अग्रवाल | समाजशास्त्र | उपस्थित |
| 17. | डॉ. स्मिता सहस्त्रबुद्धे | संगीत | उपस्थित |
| 18. | डॉ. मंजू दुबे | गृहविज्ञान | उपस्थित |
| 19. | डॉ. हरीश अग्रवाल | वाणिज्य | उपस्थित |
| 20. | डॉ. डी.एस. राठौर | बायोटेक्नोलोजी | उपस्थित |
| 21. | डॉ. अंजू यादव | विधि | अनुपस्थित |
| 22. | डॉ. साधना पाण्डेय | माइक्रोबायोलोजी | उपस्थित |
| 23. | डॉ. मधुलक्ष्मी शर्मा | पर्यावरण विज्ञान | उपस्थित |
| 24. | डॉ. बी.बी. सिंह | कम्प्यूटर साईंस | उपस्थित |
| 25. | डॉ. साधना पाण्डेय | बायोइंफोर्मेटिक्स | उपस्थित |
| 26. | डॉ. वी.के. अग्रवाल | प्रबंध | उपस्थित |
| 27. | डॉ. एन.के. नगाईच | मनोविज्ञान | उपस्थित |
| 28. | डॉ. कुमार रतनम | पर्यटन | उपस्थित |

**प्राचार्य द्वारा मनोनीत – सदस्य**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. ईला शुक्ला, | | उपस्थित |
| 2. | डॉ. चरणजीत कौर, | | अनुपस्थित |
| 3. | डॉ. संजय स्वर्णकार, | अकादमिक सचिव | उपस्थित |

**विशेष आमंत्रित –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. आर. सी. उपाध्याय | परीक्षा नियंत्रक | उपस्थित |

बैठक में श्री विष्णु जैन, डॉ. जे.एस. मेवाफरोश, प्रो. संगीता शुक्ला, प्रो. राजीव जैन, प्रो. कृष्णा जैन, डा. वसीम इफ्तेखार अंसारी एवं डा. अंजू यादव अनुपस्थित रहे।

विद्यापरिषद की कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार है –

1. विद्यापरिषद की पूर्व बैठक 30 जून, 2016 में लिये गये निर्णयों एवं उन पर की गई कार्यवाही के विषय में अकादमिक सचिव द्वारा परिषद को अवगत कराया गया। परिषद द्वारा पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

2 दिनांक 30 जून, 2016 को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न विषयों एवं शार्ट टर्म कोर्सेस के अध्ययन मण्डल की बैठक में पारित पाठ्यक्रमों का अनुमोदन करने संबंधी प्रस्ताव।

निर्णय– परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पाठ्यक्रम अनुमोदित किये गये।

3. जिन विभागों में अध्ययन मण्डल की बैठक न हो पाने के कारण पाठ्यक्रम पारित नहीं हो सके हैं उनकी बैठक होने के उपरांत अनुमोदन करने का अधिकार विद्यापरिषद के अध्यक्ष को सौंपने का प्रस्ताव रखा गया।

निर्णय– विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ)

4. विभिन्न विषयों के अध्ययन मण्डलों द्वारा पारित विषय विशेषज्ञ एवं परीक्षकों के समूहों के अनुमोदन का प्रस्ताव रखा गया।

निर्णय– विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया एवं विश्वविद्यालय से मनोनीत सदस्य द्वारा मनोनीत सदस्य डॉ. एस.एन. झा द्वारा प्रस्तुत सुझाव कि महाविद्यालय में अध्ययन मण्डल की बैठक मार्च माह में कराई जाये, पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ)

5. सत्र 2018–19 से रसायनशास्त्र विभाग में एम.एससी. इंडस्ट्रियल केमेस्ट्री, विधि विभाग में एल.एल.एम., गृहविज्ञान विभाग में बी.एच.एससी. में एक विषय के रूप में क्लीनिकल न्यूट्रिशन एंड डायटेट्रिक्स, डिप्लोमा इन क्लीनिकल न्यूट्रिशन एंड डायटेट्रिक्स एवं इतिहास विभाग में बी.ए. पाठ्यक्रम में पर्यटन एक विषय के रूप में तथा कम्प्यूटर साईंस विभाग में एम.एससी. कम्प्यूटर साईंस के पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के प्रस्ताव रखा गया।,

निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उक्त नवीन विषयों एवं पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने हेतु प्रस्ताव तैयार कर उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन से स्वीकृति तथा जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से संबद्धता हेतु प्रेषित करने के लिये सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ)

6. सत्र 2017–18 में महाविद्यालय में इतिहास, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, संस्कृत, अंग्रेजी, उर्दू, चित्रकला, संगीत, भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, कम्प्यूटर साईंस, गणित गृहविज्ञान, बायोइंफोर्मेटिक्स, माइक्रोबायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा प्रस्तावित शार्ट टर्म कोर्सेस को आरंभ करने हेतु अनुमोदनार्थ प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

निर्णय– विद्या परिषद द्वारा नियमित पाठ्यक्रम अवरूद्ध न होने की स्थिति में सर्वसम्मति से शार्ट टर्म कोर्सेस के प्रस्तावों को पारित किया गया।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ एवं शार्ट टर्म कोर्सेस समन्वय समिति)

7. सत्र 2017–18 में महाविद्यालय में शार्ट टर्म कोर्सेस को संचालित करने हेतु तैयार किये गये आर्डिनेंस के अनुमोदन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

निर्णय– विद्या परिषद द्वारा शार्ट टर्म कोर्सेस को संचालित करने हेतु तैयार किये गये आर्डिनेंस के अनुमोदन का प्रस्ताव पारित किया गया।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ एवं शार्ट टर्म कोर्सेस समन्वय समिति)

8. सत्र 2017–18 में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में अध्ययनमंडल द्वारा पारित विभाग के शोध एवं अकादमिक प्रस्तावों का अनुमोदन करना –

- आगामी सत्र में महाविद्यालय में राज्य स्तरीय विज्ञान कांग्रेस के आयोजन हेतु प्रस्ताव प्रेषित करना।,
- महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय व्यावसायिक संगठनों जैसे – राजनीतिविज्ञान परिषद, समाजविज्ञान परिषद, मध्यप्रदेश इतिहास परिषद, सांस्कृतिक एकता परिषद आदि के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय शोध संगोष्ठी एवं कार्यशालाओं का आयोजन करना।
- रसायनशास्त्र विभाग द्वारा कार्यशाला, राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी, शैक्षणिक भ्रमण।
- हिन्दी विभाग द्वारा एक सात दिवसीय पारिभाशिक शब्दावली परिचय प्रशिक्षण, तुलसी जयंती एवं हिन्दी सप्ताह का आयोजन,
- अर्थशास्त्र विभाग द्वारा जीएसटी : भारतीय कर पद्धति में सुधार एवं चुनौती विषय पर एक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी, एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन।
- अंग्रेजी विभाग द्वारा 7 दिवसीय कार्यशाला।,
- इतिहास विभाग द्वारा एक अध्ययन भ्रमण, स्वतंत्रता पूर्व राष्ट्रीय आन्दोलन एवं जनजागृति विषय पर एक राष्टीय शोध संगोष्ठी का आयोजन।,
- संस्कृत विभाग द्वारा ज्योतिष विषय पर दस दिवसीय कार्यशाला एवं दस दिवसीय संस्कृत संभाषण का आयोजन।,
- गृह विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला, एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन।
- मनोविज्ञान विभाग द्वारा शोध संगोष्ठी अथवा कार्यशाला का आयोजन।
- भूगोल विभाग द्वारा दो शैक्षणिक भ्रमणों का आयोजन।
- प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा इंवायरमेंटल पोल्यूशन एंड इट्स मैनेजमेंट विषय पर एक अंतराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी तथा तीन शैक्षणिक भ्रमण (भरतपुर, शिवपुरी, देवरी)।
- वाणिज्य विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी, तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी एवं दस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।
- संगीत विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन।
- चित्रकला विभाग द्वारा कृति सृजन विषय पर छः दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।
- वनस्पतिशास्त्र विभाग द्वारा टेक्नीक्स इन बॉटनी विषय पर एक कार्यशाला, एक राज्यस्तरीय तथा तीन स्थानीय शैक्षणिक भ्रमणों का आयोजन।
- समाजशास्त्र विभाग द्वारा साइबर क्राइम का समाज पर प्रभाव विषय पर एक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन एवं शैक्षणिक भ्रमण।
- भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन।
- बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा राष्ट्रीय शोध संगोश्ठी, स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम, शैक्षणिक भ्रमण।
- प्रबंध विभाग में एक शोध संगोष्ठी एवं औद्योगिक भ्रमण।
- राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा एक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी, कार्यशाला, एक व्याख्यानमाला, नारीवादी चिन्तन पर एक फेकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम के आयोजन का प्रस्ताव।
- उर्दू विभाग द्वारा सर सैयद अहमद : दो सदी विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी, एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन।

निर्णय– परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उक्त समस्त अकादमिक एवं शोध गतिविधि संबंधी प्रस्तावों को पारित किया गया।

(कार्यवाही – संबंधित विभाग)

9.. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2017.–18 हेतु दिनांक 30 मई, 2017 को जारी अकादमिक कलेंडर को संज्ञान में लेने हेतु परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

निर्णय– परिषद द्वारा उक्त अकादमिक कलेंडर को संज्ञान में लिया गया।

(कार्यवाही – कार्यालय प्रमुख)

10. 28 जून, 2017 को आयोजित बैठक में आई.क्यू.ए.सी. द्वारा पारित विभिन्न शोध, अकादमिक, सह–अकादमिक तथा गैर अकादमिक प्रस्तावों का अनुमोदन करना –

– एकेडेमिक इंटरेक्शन सेल : 02 एक्सटेंशन लेक्चर, 01 सात दिवसीय फेकल्टी रिचार्ज प्रोग्राम,
– इंफारमेशन एंड टेक्नोलॉजी सेल : 02 ट्रेनिंग प्रोग्राम इन कंप्यूटर एप्लीकेशन (10 दिवसीय)
– कॅरिअर काउंसिलिंग सेल : ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन बेंकिंग एंड कांप्टीशन, पर्सनलिटी डवलपमेंट, कम्यूनिकेशन स्किल, ट्रेनिंग ऑफ प्लेसमेंट, प्रेजेंटेशन स्किल एंड कंप्यूटर ग्राफिक्स, अर्न व्हाईल यू लर्न प्रोग्राम,
– नेशनल इंटीग्रेशन एंड सोशल सर्विस सेल : स्कूल/कालेज चलो अभियान, ब्लड ग्रुप टेस्ट केंप, हरियाली महोत्सव, 7 दिवसीय वर्कशाप ऑन डिजास्टर मेनेजमेंट, एक्सटेंशन लेक्चर ऑन मोराल वेल्यूज, हेल्थ चेकअप केंप
– रिसर्च डवलपमेंट सेल : 04 एक्सटेंशन लेक्चर्स (रिव्यू ऑफ लिटरेचर, फंडिंग एजेंसीज एंड स्कीमस् फॉर रिसर्च, बिबिलियोग्राफी एंड रिफ्रेंसेज इन रिसर्च), रिव्यू ऑफ लिटरेरी मूवीज विषय पर 7 दिवसीय कार्यशाला।
– कल्चरल क्लब : वर्कशॉप ऑन डांस, डिबेट/डांस/पोयट्री कांप्टीशंस, स्टेज परफारमेंस (कत्थक)
– ग्रीवांस रिड्रेसल सेल : ओपन फीडबैक सेशन विद स्टूडेंट/पेरेंटस्/एल्यूमनाई/टीचिंग स्टॉफ एंड नॉन टीचिंग स्टॉफ
– एग्जामिनेशन रिफार्म सेल : 01 सात दिवसीय वर्कशॉप ऑन एक्जामिनेशन रिफार्मस्
– लायब्रेरी एंड इंफारमेशन सेल : एक्सटेंशन लेक्चर्स ऑन मेनेजमेंट ऑफ लायब्रेरी, ओरियेंटेशन ऑन लायब्रेरी एक्सेशन।
– इक्वल अपॉर्च्युनिटी सेल : 01 दिवसीय ओरियेंटेशन प्रोग्राम फॉर फिजीकली डिसेबल्ड स्टूडेंट्स

निर्णय : परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उक्त समस्त प्रस्तावों को पारित किया गया।

(कार्यवाही – संबंधित प्रकोष्ठ)

11. महाविद्यालय में प्रत्येक विभाग द्वारा प्रत्येक सेमेस्टर में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं की छात्राओं को विषय की अधिक–से–अधिक जानकारी तथा नवीन शोध संबंधी सूचनायें उपलब्ध कराने के लिये बाह्य विशेषज्ञों के कम–से–कम 5–5 विस्तार व्याख्यान आयोजित करने का प्रस्ताव परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव पारित किया गया तथा सुझाव दिया गया कि विस्तार व्याख्यान हेतु विषय के स्थापित विद्वानों को आमंत्रित किया जाये।

(कार्यवाही – समस्त विभागाध्यक्ष)

12. सत्र 2017–18 में महाविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय के उन्नयन हेतु संदर्भ ग्रथों, शोध पत्रिका, उपकरण, उपकरणों की मरम्मत एवं संधारण, आकस्मिक (जिसमें विभाग की साज–सज्जा सम्मिलित है) मदों में व्यय हेतु स्वशासी मद से राशि रू. 2.0 लाख का अनुदान स्वीकृत करना।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया।

(कार्यवाही – स्वशासी विभाग एवं पुस्तकालय)

13. सत्र् 2017–18 में महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग के उन्नयन हेतु विभिन्न आवश्यक उपकरणों का क्रय, उपकरणों की मरम्मत एवं संधारण, आकस्मिक (जिसमें विभाग की साज–सज्जा सम्मिलित है) मदों में व्यय हेतु स्वशासी मद से राशि रू. 2.0 लाख का अनुदान स्वीकृत करना।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया।

(कार्यवाही – स्वशासी विभाग एवं क्रीड़ा विभाग)

14. महाविद्यालय की शोध पत्रिका क्रियेटिव डिस्कोर्स हेतु रिसर्च डवलपमेंट सेल (आईक्यूएसी) द्वारा सत्र 2017–2018 हेतु प्रस्तावित राशि रू. 2.0 लाख का अनुदान स्वशासी मद से स्वीकृत करने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा शोध पत्रिका के प्रकाशन एवं इसके संचालन के लिये सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया।

(कार्यवाही – स्वशासी विभाग एवं अकादमिक प्रकोष्ठ)

15. सत्र् 2017–18 में महाविद्यालय के समस्त विभागों एवं शोध अध्ययन केन्द्रों के उन्नयन हेतु संदर्भ ग्रथों, शोध पत्रिका, उपकरण, उपकरणों की मरम्मत एवं संधारण, आकस्मिक (जिसमें विभाग की साज–सज्जा सम्मिलित है) मदों में व्यय हेतु स्वशासी मद से निम्नानुसार राशि आबंटन का प्रस्ताव –

| | | |
|---|---|---|
| स्नातकोत्तर विभाग (विज्ञान संकाय) | : | रू.2.00 लाख प्रति विभाग |
| स्नातकोत्तर विभाग (वाणिज्य संकाय) | : | रू.1.50 लाख प्रति विभाग |
| स्नातकोत्तर विभाग (कला प्रायोगिक विभाग) | : | रू.1.50 लाख प्रति विभाग |
| स्नातकोत्तर विभाग (कला एवं मानविकी संकाय) | : | रू.1.00 लाख प्रति विभाग |
| स्नातक विभाग (कला संकाय प्रायोगिक) | : | रू.1.25 लाख प्रति विभाग |

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा महाविद्यालय के समस्त विभागों एवं शोध अध्ययन केन्द्रों के उन्नयन हेतु अनुदान के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया।

(कार्यवाही – स्वशासी विभाग, अकादमिक प्रकोष्ठ एवं संबंधित विभाग)

16. महाविद्यालय के शोध अध्ययन केन्द्रो पर शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये पांच शोध प्रबंधों के प्रकाशन (प्रत्येक हेतु राशि रू. 20000.00) एवं पांच शोध परियोजनाओं (प्रत्येक हेतु राशि रू. 50000.00) हेतु अनुदान स्वीकृत करना।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा महाविद्यालय में शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिये सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को पारित किया।

(कार्यवाही – स्वशासी विभाग एवं अकादमिक प्रकोष्ठ)

17. सत्र् 2017–18 में महाविद्यालय में शोध एवं अकादमिक गतिविधियों के प्रसार के लिये अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय शोध संगोष्ठियों/कार्यशालाओं के आयोजन करना तथा इस हेतु स्वशासी मद से निम्नानुसार अनुदान स्वीकृत करना –

| | संख्या | दिवस | अनुदान |
|---|---|---|---|
| अंतर्राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी | 01 | 3 दिवसीय | 2.0 लाख रूपये |
| राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी | 05 | 1 दिवसीय | 50000/– |
| | | 2 दिवसीय | 1.0 लाख रूपये |
| राज्य स्तरीय संगोष्ठी | 05 | 1 दिवसीय | 35000/– |
| | | 2 दिवसीय | 50000/– |
| स्थानीय स्तरीय संगोष्ठी | 05 | 1 दिवसीय | 35000/– |

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से महाविद्यालय में शोध एवं अकादमिक गतिविधियों के प्रसार के लिये अनुदान के प्रस्ताव को पारित किया गया।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ एवं संबंधित विभाग)

18. महाविद्यालय में अकादमिक अथवा परीक्षा कार्य से आने वाले बाह्य विषय विशेषज्ञों को यात्रा एवं दैनिक भत्ता मध्यप्रदेश शासन द्वारा पारित नियमानुसार भुगतान करने संबंधी प्रस्ताव।

निर्णयः प्रो. उमेश होलानी द्वारा अकादमिक अथवा परीक्षा कार्य से आने वाले बाह्य विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वयं की कार अथवा टेक्सी से यात्रा करने हेतु जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में प्रचलित यात्रा भत्ता नियमों को मान्य करने तथा शेष मध्य प्रदेश शासन द्वारा पारित यात्रा भत्ता नियमों को मान्य करने का सुझाव दिया गया। विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया।

(कार्यवाही – स्वशासी विभाग एवं लेखापाल)

19. महाविद्यालय में अकादमिक अथवा परीक्षा कार्य से आने वाले स्थानीय विषय विशेषज्ञों को स्थानीय वाहन भत्ता जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में प्रचलित दरों के अनुरूप निर्धारित किया जाये।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया।

(कार्यवाही – स्वशासी विभाग एवं लेखापाल)

20. महाविद्यालय में स्वशासी व्यवस्था अंतर्गत् अकादमिक अथवा परीक्षा कार्य से आने वाले विषय विशेषज्ञों को पारिश्रमिक जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में प्रचलित दरों के अनुरूप निर्धारित किया जाये।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया।

(कार्यवाही – स्वशासी विभाग एवं लेखापाल)

21. महाविद्यालय में स्वशासी व्यवस्था अंतर्गत् स्नातक प्रथम वर्ष की अनुत्तीर्ण छात्रा को एक्स स्टूडेंट के रूप में सेमेस्टर पद्धति में जारी रखने विषयक मुद्दे पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्पष्ट आदेश न होने की स्थिति में लिये जाने वाले निर्णय पर विचार।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष की अनुत्तीर्ण छात्रा को एक्स स्टूडेंट के रूप में सेमेस्टर पद्धति में जारी रखने विषयक मुद्दे पर गहन विचार–विमर्श किया गया तथा निर्णय लिया गया कि तत्संबंध में मार्गदर्शन हेतु उच्च शिक्षा विभाग एवं जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर को पत्र लिखा जाये तथा ऐसी छात्रा को एक्स स्टूडेंट के रूप में मान्यता प्रदान की जाये।

(कार्यवाही – परीक्षा प्रकोष्ठ)

22. परीक्षार्थी द्वारा स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ से विगत सत्र से पूर्व के विभिन्न दस्तावेज प्राप्त करने अथवा वेरीफिकेशन कराने हेतु शुल्क निर्धारित करने संबंधी प्रस्ताव रखा गया :

– ट्रांस्क्रिप्ट प्राप्त करने हेतु शुल्क : रू. 1000/–
– अंकसूची प्राप्त करने हेतु शुल्क : रू. 500/–
– दस वर्ष से अधिक पुरानी अंकसूची हेतु शुल्क : रू.1000/–
– वेरीफिकेशन शुल्क : रू. 200/–

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा प्रस्तावित दरों को जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में प्रचलित दरों के अनुरूप निर्धारित करने पर सहमति जताई तद्नुसार सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया।

(कार्यवाही – परीक्षा प्रकोष्ठ)

23. अकादमिक प्रकोष्ठ के सुचारू रूप से संचालन के लिये स्वशासी मद से कलेक्ट्रेट दर पर एक कुशल श्रमिक एवं एक अकुशल श्रमिक की व्यवस्था करने का प्रस्ताव।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव जनभागीदारी समिति में प्रस्तुत करने हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ एवं जनभागीदारी समिति)

24. वर्ल्ड बैंक एवं उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के माध्यम से प्राप्त होने वाले अनुदान हेतु महाविद्यालय की आई.डी.पी. (इंस्टीट्यूशनल डवलपमेंट प्लान) हेतु निर्धारित लक्ष्यों का अनुमोदन।

- Excellence in Academics,
- Access & Equity reaching the unreached,
- Embedding Employability & Self sustenance,
- Women Empowerment through Higher Education,
- Strengthening e-governance,
- Towards sustainable organization,
- Generating generations of competent Graduates through ISR-Jagriti

- Strengthening ICT
- Examination Reforms
- Campus Infrastructure upgradation and monitoring

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा महाविद्यालय की आई.डी.पी. (इंस्टीट्यूशनल डवलपमेंट प्लान) हेतु निर्धारित लक्ष्यों पर पूर्ण संतोष व्यक्त करते हुये सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया तथा आशा व्यक्त की कि निर्धारित समयावधि में प्रस्ताव आई.आई.एम. इंदौर की ओर प्रेषित किया जाये।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ, आईक्यूएसी तथा आईडीपी सेल)

25. अध्यक्ष की अनुमति से सदस्यों द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये –

प्रस्ताव महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षाओं का पारिश्रमिक बेच के अनुसार करने का प्रस्ताव (प्राणीशास्त्र विभाग)।

।

निर्णयः उक्त प्रस्ताव पर परिषद में गंभीर चर्चा हुई तथा अन्य विभागों में उक्त प्रायोगिक परीक्षायें पूर्व संचालित व्यवस्था के आधार पर सुचारू रूप से संचालित होने की स्थिति में चालू व्यवस्था में किसी प्रकार का परिवर्तन अनावश्यक माना गया तथा प्रस्ताव को अस्वीकृत किया गया।

प्रस्ताव महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षाओं का संचालन मुख्य परीक्षा के पूर्व संपंन कराने का प्रस्ताव (प्राणीशास्त्र विभाग)।

।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया।

(कार्यवाही – परीक्षा प्रकोष्ठ)

अध्यक्ष एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुये विद्यापरिषद की बैठक समाप्त घोषित की गई।

प्रो. संजय स्वर्णकार
अकादमिक सचिव
शासकीय कमला राजा कन्या स्ना. स्व. महा.,
ग्वालियर (म.प्र.) भारत

डा. प्रभा मेहता
प्राचार्य
शासकीय कमला राजा कन्या स्ना. स्व. महा.,
ग्वालियर (म.प्र.) भारत

प्रतिलिपि–

1. चैयरमेन/समस्त सदस्य, अकादमिक परिषद, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।
2. अकादमिक सचिव, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।
3. समन्वयक, आईक्यूएसी, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।
4. परीक्षा नियंत्रक, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।
5. समन्वयक, शार्ट टर्म कोर्स समन्वय समिति, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।
6. ग्रंथपाल, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।
7. क्रीड़ा अधिकारी, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।
8. कार्यालय प्रमुख, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।
9. लेखापाल, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।

प्रो. संजय स्वर्णकार
अकादमिक सचिव
शासकीय कमला राजा कन्या स्ना. स्व. महा.,
ग्वालियर (म.प्र.) भारत

डा. प्रभा मेहता
प्राचार्य
शासकीय कमला राजा कन्या स्ना. स्व. महा.,
ग्वालियर (म.प्र.) भारत

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर
GOVT. KAMLA RAJA GIRLS P.G. AUTO. COLLEGE, GWALIOR (M.P.) INDIA
(Affiliated to Jiwaji University, Gwalior under 2(f) & 12(b) NAAC – 'A' Grade Accredited Institute)
www.krgcgwalior.org krgc@rediffmail.com Phone : 0751- 2625495, 0751-2438173

क्र0 ............/अका.प्र./अध्ययन मंडल/2018 ग्वालियर दिनांक 29 अगस्त, 2018

## विद्या परिषद की बैठक दिनांक 29 अगस्त, 2018 का कार्यवाही विवरण

दिनांक 29 अगस्त, 2018 को महाविद्यालय की विद्या परिषद की बैठक दोपहर 3:00 बजे स्वशासी विभाग के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नानुसार उपस्थिति रही –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. बी.एम. कुलश्रेष्ठ, प्रभारी प्राचार्य | | **अध्यक्ष** | उपस्थित |
| **शासी निकाय द्वारा मनोनीत** | | | **सदस्य** | |
| 1. | श्री जयप्रकाश मिश्रा | | | अनुपस्थित |
| 2. | श्री विष्णु जैन | | | अनुपस्थित |
| 3. | डॉ. एस.एन. झा | | | उपस्थित |
| 4. | डॉ. जीवनलाल मेवाफरोश, | | | अनुपस्थित |
| 5. | डॉ. संगीता शुक्ला | | | अनुपस्थित |
| **जीवाजी विश्वविद्यालय के मनोनीत प्रतिनिधि –** | | | **सदस्य** | |
| 1. | प्रो. राजीव जैन | | | अनुपस्थित |
| 2. | प्रो. रेनू जैन | | | अनुपस्थित |
| 3. | प्रो. उमेश होलानी, | | | अनुपस्थित |
| **महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष –** | | | **सदस्य** | |
| 1. | डॉ. इला शुक्ला | हिन्दी | | उपस्थित |
| 2. | डॉ. कृष्णा जैन | संस्कृत | | उपस्थित |
| 3. | डॉ. सविता श्रीवास्तव | अंग्रेजी | | उपस्थित |
| 4. | डॉ. वसीम इफ्तेखार अंसारी | उर्दू | | उपस्थित |
| 5. | डॉ. एन.सी. शर्मा | गणित | | उपस्थित |
| 6. | डॉ. प्रीति कुलश्रेष्ठ | वनस्पतिशास्त्र | | उपस्थित (स्थानांपन्न) |
| 7. | डॉ. राजेन्द्र दुबे | प्राणिशास्त्र | | उपस्थित |
| 8. | श्रीमती मिनाली गोखले | भौतिकशास्त्र | | उपस्थित |
| 9. | डॉ. प्रभा मेहता | रसायनशास्त्र | | उपस्थित |
| 10. | डॉ. संध्या मोघे | दर्शनशास्त्र | | उपस्थित |
| 11. | डॉ. जया जैन | चित्रकला | | उपस्थित |
| 12. | डॉ. मीरा मित्तल | अर्थशास्त्र | | उपस्थित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13. | डॉ. अनुपम गुप्ता | राजनीतिशास्त्र | उपस्थित |
| 14. | डॉ. एस.एस.तोमर | भूगोल | उपस्थित |
| 15. | डॉ. मीना श्रीवास्तव | इतिहास | उपस्थित |
| 16. | डॉ. जयश्री चौहान | समाजशास्त्र | उपस्थित |
| 17. | डॉ. स्मिता सहस्त्रबुद्धे | संगीत | उपस्थित |
| 18. | डॉ. मंजू दुबे | गृहविज्ञान | उपस्थित |
| 19. | डॉ. हरीश अग्रवाल | वाणिज्य | उपस्थित |
| 20. | डॉ. संतोष यादव | बायोटेक्नोलोजी | उपस्थित |
| 21. | डॉ. चारू चित्रा | विधि | अनुपस्थित |
| 22. | डॉ. साधना पाण्डेय | माइक्रोबायोलोजी | उपस्थित |
| 23. | डॉ. प्रीति कुलश्रेष्ठ | पर्यावरण विज्ञान | उपस्थित (स्थानापन्न) |
| 24. | डॉ. बी.बी. सिंह | कम्प्यूटर साईंस | उपस्थित |
| 25. | डॉ. साधना पाण्डेय | बायोइंफोर्मेटिक्स | उपस्थित |
| 26. | डॉ. वी.के. अग्रवाल | प्रबंध | उपस्थित |
| 27. | डॉ. एन.के. नगाईच | मनोविज्ञान | उपस्थित |
| 28. | डॉ. कुमार रतनम | पर्यटन | अनुपस्थित |

**प्राचार्य द्वारा मनोनीत – सदस्य**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. ईला शुक्ला, | | उपस्थित |
| 2. | डॉ. चरणजीत कौर, | | उपस्थित |
| 3. | डॉ. संजय स्वर्णकार, | अकादमिक सचिव | उपस्थित |

**विशेष आमंत्रित –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. आर. सी. उपाध्याय | परीक्षा नियंत्रक | उपस्थित |

विद्यापरिषद की कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार है –

1. विद्यापरिषद की पूर्व बैठक 07 जुलाई, 2017 में लिये गये निर्णयों एवं उन पर की गई कार्यवाही के विषय में अकादमिक सचिव द्वारा परिषद को अवगत कराया गया। परिषद द्वारा पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

2 दिनांक 18 अगस्त, 2018 को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न विषयों एवं शार्ट टर्म कोर्सेस के अध्ययन मण्डल की बैठक में पारित पाठ्यक्रमों का अनुमोदन करने संबंधी प्रस्ताव।

निर्णय– परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पाठ्यक्रम अनुमोदित किये गये।

3. विभिन्न विषयों के अध्ययन मण्डलों द्वारा पारित विषय विशेषज्ञ एवं परीक्षकों के समूहों के अनुमोदन का प्रस्ताव रखा गया।

निर्णय– विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया एवं विश्वविद्यालय से मनोनीत सदस्य द्वारा मनोनीत सदस्य डॉ. एस.एन. झा द्वारा प्रस्तुत सुझाव कि महाविद्यालय में अध्ययन मण्डल की बैठक मार्च माह में कराई जाये, पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ)

4. सत्र 2018–19 से विधि विभाग में एल.एल.एम., इतिहास विभाग में बी.ए. पाठ्यक्रम में पर्यटन एक विषय के रूप में तथा कम्प्यूटर साईंस विभाग में एम.एससी. कम्प्यूटर साईंस के पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु पुनः उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल की ओर आवेदन करने का प्रस्ताव रखा गया।,

निर्णय– विद्या परिषद द्वारा उक्त नवीन विषयों एवं पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने हेतु प्रस्ताव तैयार कर उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन से स्वीकृति तथा जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से संबद्धता हेतु प्रेषित करने के लिये सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ)

5. सत्र 2018–19 में महाविद्यालय में इतिहास, समाजशास्त्र, भूगोल, संस्कृत, अंग्रेजी, उर्दू, चित्रकला, संगीत, भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, कम्प्यूटर साईंस, गृहविज्ञान, बायोटेक्नोलॉजी, रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा प्रस्तावित शार्ट टर्म कोर्सेस को आरंभ करने हेतु अनुमोदनार्थ प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

निर्णय– सदस्य डा. प्रभा मेहता द्वारा शार्ट टर्म कोर्सेस को महाविद्यालय की छात्राओं के लिये अत्यन्त आवश्यक बताते हुये इन पाठ्यक्रमों के संचालन में आ रही व्यावहारिक कमियों को दूर कर 16 सितंबर, 2018 से पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा। अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त पाठ्यक्रमों के समन्वयकों से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर उसका बजट प्रस्तुत कर पाठ्यक्रम संचालन हेतु (विषय विशेषज्ञों को भुगतान किये जाने वाले पारिश्रमिक को छोड़कर) अग्रिम प्राप्त करने का सुझाव दिया गया। अंतिम रूप से विद्या परिषद द्वारा नियमित पाठ्यक्रम अवरूद्ध न होने की स्थिति में सर्वसम्मति से शार्ट टर्म कोर्सेस के प्रस्तावों को पारित किया गया।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ एवं शार्ट टर्म कोर्सेस समन्वय समिति)

8. सत्र 2018–19 में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में अध्ययनमंडल द्वारा पारित विभाग के शोध एवं अकादमिक प्रस्तावों का अनुमोदन करना –

- महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय व्यावसायिक संगठनों जैसे – राजनीतिविज्ञान परिषद, समाजविज्ञान परिषद, मध्यप्रदेश इतिहास परिषद, सांस्कृतिक एकता परिषद आदि के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय शोध संगोष्ठी एवं कार्यशालाओं का आयोजन करना।
- रसायनशास्त्र विभाग द्वारा कार्यशाला, राष्ट्रीय षोध संगोष्ठी, शैक्षणिक भ्रमण।
- हिन्दी विभाग द्वारा एक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी, तुलसी जयंती एवं राजभाषा सप्ताह का आयोजन, स्थानीय भ्रमण।
- अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक राष्ट्रीय कार्यशाला, एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन।
- अंग्रेजी विभाग द्वारा एजुकेशनल टूर टू लिटरेरी फेस्टिवल इन जयपुर फ्राम 24–29 जन., 2019 का प्रस्ताव।,
- इतिहास विभाग द्वारा एक अध्ययन भ्रमण, स्वतंत्रता पूर्व राष्ट्रीय आन्दोलन एवं जनजागृति विषय पर एक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी एवं मध्य प्रदेश की लोक संस्कृति और इतिहास विषय प**र** एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन।,
- संस्कृत विभाग द्वारा ज्योतिष विषय पर दस दिवसीय कार्यशाला एवं दस दिवसीय संस्कृत संभाषण का आयोजन।,
- गृह विज्ञान विभाग द्वारा लैंड स्केपिंग विषय पर एक सप्ताह की कार्यशाला, प्रत्येक स्नातकोत्तर विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला, न्यूट्रीशन वीक, एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन।
- मनोविज्ञान विभाग द्वारा शोध संगोष्ठी अथवा कायशाला का आयोजन।
- दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन।

- भूगोल विभाग द्वारा दो शैक्षणिक भ्रमणों का आयोजन।
- प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा एक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी तथा तीन शैक्षणिक भ्रमण (भरतपुर, शिवपुरी, देवरी)।
- संगीत विभाग द्वारा प्रदर्शनात्मक व्याख्यान हेतु प्रस्ताव 19 सितं. 2018, अनुमानित राशि रू.20000.00, एक माह शार्ट टर्म कोर्स – प्रदर्शनात्मक कला गायन, वादन एवं नृत्य, रिकार्डिंग स्टूडियो का प्रस्ताव, कक्षाओं में ऑडियो सिस्टम का प्रस्ताव – अनुमानित राशि रू.100000.00 का आयोजन।
- चित्रकला विभाग द्वारा व्याख्यानमाला अथवा कार्यशाला का आयोजन।
- वनस्पतिशास्त्र विभाग द्वारा टूल्स एंड टेक्नीकस् इन बॉटनी विषय पर दो दिवसीय वर्कशॉप कम ट्रेनिंग विषय पर एक कार्यषाला, एक राज्यस्तरीय तथा तीन स्थानीय शैक्षणिक भ्रमणों का आयोजन।
- समाजशास्त्र विभाग द्वारा एक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन एवं शैक्षणिक भ्रमण।
- भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन।
- प्रबंध विभाग में एक औद्योगिक भ्रमण।
- राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा एक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी, शिक्षण तकनीक एवं शोध प्रविधि एक सप्ताह का फेकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम, अनुमानित राशि रू.1.5 लाख, 26 नवंबर, 10 दिसंबर, 8 मार्च को जागरूकता कार्यक्रम आयोजन का प्रस्ताव।
- पर्यटन विषय द्वारा सर सैयद अहमद दो सदी विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी, एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन।
- विधि संस्थान में दो मूट कोर्ट का आयोजन (इंट्रा एंड इंटर कालेज), इंटर कालेज ऐसे राईटिंग कांपीटिशन, हाइकोर्ट विजिट, डिबेट एंड क्विज, लीगल अवेअरनेस केम्प्स, इंटर्नशिप के लिये प्रति छात्रा राशि रू.500.00, पारिश्रमिक अभिभाषकों को, पैरालीगल/लीगल एड क्लीनिक, 25 एक्सटेंशन लेक्चर प्रत्येक सेमेस्टर
- माइक्रोबायोलॉजी विषय में शैक्षणिक भ्रमण एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतियोगितायें।
- बायोइंफोर्मेटिक्स विशय में शैक्षणिक भ्रमण एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतियोगितायें।

निर्णय– परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उक्त समस्त अकादमिक एवं शोध गतिविधि संबंधी प्रस्तावों को पारित किया गया।

(कार्यवाही – संबंधित विभाग)

9. उच्च शिक्षा विभाग, मध्य–प्रदेश शासन द्वारा 30 मई, 2018 को सत्र 2018–2019 हेतु जारी अकादमिक कैलेण्डर के आधार पर इस स्वषासी महाविद्यालय के अकादमिक कैलेण्डर को पारित करना।,

निर्णय– परिषद द्वारा उक्त अकादमिक कलेंडर को संज्ञान में लिया गया।

(कार्यवाही – कार्यालय प्रमुख)

1. भूगोल विषय के अध्ययनमंडल द्वारा केंद्रीय अध्ययनमंडल से प्राप्त बी.ए. प्रथम वर्श के पाठ्यक्रम के प्रथम प्रश्नपत्र का शीर्षक 'भौतिक भूगोल (स्थल मंडल) है। इस प्रश्नपत्र की प्रथम ईकाई में भूगोल के परिचय संबंधी विषयवस्तु भी संबंधित है। अतः इस प्रश्नपत्र के शीर्शक में संशोधन कर भूगोल का परिचय एवं भौतिक भूगोल (स्थल मंडल) किये जाने तथा द्वितीय प्रश्नपत्र का शीर्षक जो भूगोल का परिचय एवं मानव भूगोल दिया गया है, को संशोधित कर मानव भूगोल किये जाने संबंधी पत्र केन्द्रीय अध्ययनमंडल को प्रेषित किये जाने संबंधी प्रस्ताव।

निर्णय : परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय तत्संबंध में आयुक्त, उच्च शिक्षा, भोपाल को पत्र भेजकर इस विसंगति के विषय में अवगत कराये।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ)

2. गृहविज्ञान विभाग में स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय तथा द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में संयुक्त पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुशंसा।

निर्णय : परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव के प्रति असहमति व्यक्त की गई तथा गृहविज्ञान विभाग से अतिरिक्त कार्यभार का औचित्य प्रमाणित करते हुये एक अतिथि विद्वान की मांग की जाये।

3. स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर में चतुर्थ प्रश्न–पत्र में वैकल्पिक रूप में एक अन्य प्रश्न–पत्र डिजर्टेशन संलग्न करने की अनुशंसा

निर्णय : विद्या परिषद को गृहविज्ञान विभाग द्वारा आश्वस्त किये जाने पर कि विभाग द्वारा अतिरिक्त कार्यभार का प्रश्न नहीं उठाया जायेगा तथा समय–सारिणी भी इससे प्रभावित नहीं होगी, छात्रा हित में इस प्रस्ताव को पारित किया गया।

10. आई.क्यू.ए.सी. द्वारा प्रस्तावित विभिन्न शोध, अकादमिक, सह–अकादमिक तथा गैर अकादमिक प्रस्तावों का अनुमोदन करना –

- एकेडेमिक इंटरेक्शन सेल : 02 एक्सटेंशन लेक्चर, 01 सात दिवसीय फेकल्टी रिचार्ज प्रोग्राम,
- इंफारमेशन एंड टेक्नोलॉजी सेल : 02 ट्रेनिंग प्रोग्राम इन कंप्यूटर एप्लीकेशन (10 दिवसीय)
- कॅरिअर काउंसिलिंग सेल : ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन बेंकिंग एंड कांप्टीशन, पर्सनलिटी डवलपमेंट, कम्यूनिकेशन स्किल, ट्रेनिंग ऑफ प्लेसमेंट, प्रेजेंटेशन स्किल एंड कंप्यूटर ग्राफिक्स, अर्न व्हाईल यू लर्न प्रोग्राम,
- नेशनल इंटीग्रेशन एंड सोशल सर्विस सेल : स्कूल/कालेज चलो अभियान, ब्लड ग्रुप टेस्ट कंेप, हरियाली महोत्सव, 7 दिवसीय वर्कशाप ऑन डिजास्टर मेनेजमेंट, एक्सटेंशन लेक्चर ऑन मोराल वेल्यूज, हेल्थ चेकअप कंेप
- रिसर्च डवलपमेंट सेल : 04 एक्सटेंशन लेक्चर्स (रिव्यू ऑफ लिटरेचर, फंडिंग एजेंसीज एंड स्कीमस् फॉर रिसर्च, बिबिलियोग्राफी एंड रिफ्रेंसेज इन रिसर्च), रिव्यू ऑफ लिटरेरी मूवीज विषय पर 7 दिवसीय कार्यशाला।
- कल्चरल क्लब : वर्कशॉप ऑन डांस, डिबेट/डांस/पोयट्री कांप्टीशंस, स्टेज परफारमेंस (कत्थक)
- ग्रीवांस रिड्रेसल सेल : ओपन फीडबैक सेशन विद स्टूडेंट/पेरेंटस्/एल्यूमनाई/टीचिंग स्टॉफ एंड नॉन टीचिंग स्टॉफ
- एग्जामिनेशन रिफार्म सेल : 01 सात दिवसीय वर्कशॉप ऑन एक्जामिनेशन रिफार्मस्
- लायब्रेरी एंड इंफारमेशन सेल : एक्सटेंशन लेक्चर्स ऑन मेनेजमेंट ऑफ लायब्रेरी, ओरियेंटेशन ऑन लायब्रेरी एक्सेशन।
- इक्वल अपॉर्च्युनिटी सेल : 01 दिवसीय ओरियेंटेशन प्रोग्राम फॉर फिजीकली डिसेबल्ड स्टूडेंट्स

निर्णय : परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उक्त समस्त प्रस्तावों को पारित किया गया।

(कार्यवाही – संबंधित प्रकोष्ठ)

11. महाविद्यालय के समस्त विभागों द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की छात्राओं के अकादमिक उन्नयन के लिये प्रत्येक सेमेस्टर में बाह्य विषय विशेषज्ञों के माध्यम से कम–से–कम पांच एवं वार्षिक परीक्षा पद्धति से संबंधित कक्षाओं में कम–से–कम दस राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय आमंत्रित व्याख्यानों को आयोजित करने संबंधी प्रस्ताव।,

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव पारित किया गया तथा सुझाव दिया गया कि विस्तार व्याख्यान हेतु विषय के स्थापित विद्वानों को आमंत्रित किया जाये।

(कार्यवाही – समस्त विभागाध्यक्ष)

12. सत्र 2018–19 में महाविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय के उन्नयन हेतु संदर्भ ग्रथों, शोध पत्रिका, उपकरण, उपकरणों की मरम्मत एवं संधारण, आकस्मिक (जिसमें विभाग की साज–सज्जा सम्मिलित है) मदों में व्यय हेतु स्वशासी मद से राशि रू. 2.0 लाख का अनुदान स्वीकृत करना।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया।

(कार्यवाही – स्वशासी विभाग एवं पुस्तकालय)

13. सत्र् 2018–19 में महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग के उन्नयन हेतु विभिन्न आवश्यक उपकरणों का क्रय, उपकरणों की मरम्मत एवं संधारण, आकस्मिक (जिसमें विभाग की साज–सज्जा सम्मिलित है) मदों में व्यय हेतु स्वशासी मद से राशि रू. 2.0 लाख का अनुदान स्वीकृत करना।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया।

(कार्यवाही – स्वशासी विभाग एवं क्रीड़ा विभाग)

14. महाविद्यालय की शोध पत्रिका क्रियेटिव डिस्कोर्स हेतु रिसर्च डवलपमेंट सेल (आईक्यूएसी) द्वारा सत्र 2018–2019 हेतु प्रस्तावित राशि रू. 2.0 लाख का अनुदान स्वशासी मद से स्वीकृत करने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा शोध पत्रिका के प्रकाशन एवं इसके संचालन के लिये सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया।

(कार्यवाही – स्वशासी विभाग एवं अकादमिक प्रकोष्ठ)

15. सत्र् 2018–19 में महाविद्यालय के समस्त विभागों एवं शोध अध्ययन केन्द्रों के उन्नयन हेतु संदर्भ ग्रथों, शोध पत्रिका, उपकरण, उपकरणों की मरम्मत एवं संधारण, आकस्मिक (जिसमें विभाग की साज–सज्जा सम्मिलित है) मदों में व्यय हेतु स्वशासी मद से निम्नानुसार राशि आबंटन का प्रस्ताव –

| | | |
|---|---|---|
| स्नातकोत्तर विभाग (विज्ञान संकाय) | : | रू.2.00 लाख प्रति विभाग |
| स्नातकोत्तर विभाग (वाणिज्य संकाय) | : | रू.1.50 लाख प्रति विभाग |
| स्नातकोत्तर विभाग (कला प्रायोगिक विभाग) | : | रू.1.50 लाख प्रति विभाग |
| स्नातकोत्तर विभाग (कला एवं मानविकी संकाय) | : | रू.1.00 लाख प्रति विभाग |
| स्नातक विभाग (कला संकाय प्रायोगिक) | : | रू.1.25 लाख प्रति विभाग |

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा महाविद्यालय के समस्त विभागों एवं शोध अध्ययन केन्द्रों के उन्नयन हेतु अनुदान के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया।

(कार्यवाही – स्वशासी विभाग, अकादमिक प्रकोष्ठ एवं संबंधित विभाग)

16. महाविद्यालय के शोध अध्ययन केन्द्रो पर शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये पांच शोध प्रबंधों के प्रकाशन (प्रत्येक हेतु राशि रू. 20000.00) एवं पांच शोध परियोजनाओं (प्रत्येक हेतु राशि रू. 50000.00) हेतु अनुदान स्वीकृत करना।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा महाविद्यालय में शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिये सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को पारित किया।

(कार्यवाही – स्वशासी विभाग एवं अकादमिक प्रकोष्ठ)

17. सत्र 2018–19 में महाविद्यालय में शोध एवं अकादमिक गतिविधियों के प्रसार के लिये अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय शोध संगोष्ठियों/कार्यशालाओं के आयोजन करना तथा इस हेतु स्वशासी मद से निम्नानुसार अनुदान स्वीकृत करना –

| | संख्या | दिवस | अनुदान |
|---|---|---|---|
| अंतर्राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी | 01 | 3 दिवसीय | 2.0 लाख रूपये |
| राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी | 05 | 1 दिवसीय | 50000/– |
| | | 2 दिवसीय | 1.0 लाख रूपये |
| राज्य स्तरीय संगोष्ठी | 05 | 1 दिवसीय | 35000/– |
| | | 2 दिवसीय | 50000/– |
| स्थानीय स्तरीय संगोष्ठी | 05 | 1 दिवसीय | 35000/– |

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से महाविद्यालय में शोध एवं अकादमिक गतिविधियों के प्रसार के लिये अनुदान के प्रस्ताव को पारित किया गया।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ एवं संबंधित विभाग)

18. महाविद्यालय में अकादमिक अथवा परीक्षा कार्य से आने वाले बाह्य विषय विशेषज्ञों को यात्रा एवं दैनिक भत्ता मध्यप्रदेश शासन द्वारा पारित नियमानुसार भुगतान करने संबंधी प्रस्ताव।

निर्णयः सदस्य डा. राजेन्द्र कुमार दुबे द्वारा महाविद्यालय में अकादमिक अथवा परीक्षा कार्य से आने वाले बाह्य विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वयं की कार अथवा टेक्सी से यात्रा करने हेतु जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में प्रचलित यात्रा भत्ता नियमों को मान्य करने तथा शेष मध्य प्रदेश शासन द्वारा पारित यात्रा भत्ता नियमों को मान्य करने का सुझाव दिया गया। विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया।

(कार्यवाही – स्वशासी विभाग एवं लेखापाल)

19. महाविद्यालय में अकादमिक अथवा परीक्षा कार्य से आने वाले स्थानीय विषय विशेषज्ञों को स्थानीय वाहन भत्ता जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में प्रचलित दरों के अनुरूप निर्धारित किया जाये।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया।

(कार्यवाही – स्वशासी विभाग एवं लेखापाल)

20. महाविद्यालय में स्वशासी व्यवस्था अंतर्गत् अकादमिक अथवा परीक्षा कार्य से आने वाले विषय विशेषज्ञों को पारिश्रमिक जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में प्रचलित दरों के अनुरूप निर्धारित किया जाये।

निर्णयः प्रस्ताव पर अध्यक्ष महोदय तथा अन्य सदस्यों सर्वश्री डा. एन.के. नगाइच, डा. राजेन्द्र कुमार दुबे, डा. शैलेन्द्र सिंह तोमर, डा. प्रभा मेहता, डा. एस.एन. झा द्वारा विषय विशेषज्ञों को प्रदान किये जाने वाले पारिश्रमिक के विषय में विविध सुझाव प्रदान किये गये। विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पारिश्रमिक की निम्नलिखित दरों को वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु स्वीकृत किया गया :

| | | | |
|---|---|---|---|
| – | स्वशासी प्रकोष्ठ की विभिन्न समितियों एवं आईक्यूएसी के बाह्य विशेषज्ञों को बैठक में उपस्थित होने पर पारिश्रमिक की दर | – | रू.1000.00 प्रति बैठक |
| – | विस्तार व्याख्यान हेतु पारिश्रमिक दर प्रत्येक व्याख्यान एक घंटे का होगा, | – | रू.1500.00 प्रति व्याख्यान |
| – | शार्ट टर्म कोर्सेस तथा स्ववित्तीय पाठ्यक्रम में प्रस्तुत किये जाने वाले अतिथि व्याख्यान हेतु पारिश्रमिक की दर (प्रति पीरियड 45 मिनट) | – | रू. 500.00 (नियमित अथवा सेवानिवृत शिक्षक)<br>रू. 250.00 (पीएच.डी. धारक)<br>रू. 200.00 (स्नातकोत्तर डिग्री धारक) |

(कार्यवाही – स्वशासी विभाग एवं लेखापाल)

21. परीक्षार्थी द्वारा स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ से विगत सत्र से पूर्व के विभिन्न दस्तावेज प्राप्त करने अथवा वेरीफिकेशन कराने हेतु शुल्क निर्धारित करने संबंधी प्रस्ताव रखा गया :

- ट्रांस्क्रिप्ट प्राप्त करने हेतु शुल्क : रू. 1000/-
- अंकसूची प्राप्त करने हेतु शुल्क : रू. 500/-
- दस वर्ष से अधिक पुरानी अंकसूची हेतु शुल्क : रू. 1000/-
- वेरीफिकेशन शुल्क : रू. 200/-

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा प्रस्तावित दरों को जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में प्रचलित दरों के अनुरूप निर्धारित करने पर सहमति जताई तद्नुसार सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया।

(कार्यवाही – परीक्षा प्रकोष्ठ)

22. अकादमिक प्रकोष्ठ के सुचारू रूप से संचालन के लिये स्वशासी मद से कलेक्ट्रेट दर पर एक कुशल श्रमिक एवं एक अकुशल श्रमिक की व्यवस्था करने का प्रस्ताव।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा स्वशासी मद से एक कुशल श्रमिक एवं एक अकुशल श्रमिक की व्यवस्था का प्रस्ताव स्वीकृत करते हुये वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु प्रस्ताव सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ)

23. अध्यक्ष की अनुमति से सदस्यों द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये –

प्रस्ताव बाह्य विशेषज्ञ सदस्य डा. एस.एन. झा द्वारा महाविद्यालय में स्ववित्तीय आधार पर शार्ट टर्म कोर्स अथवा अन्य डिप्लोमा या डिग्री कोर्स के रूप में होटल मैनेजमेंट कोर्स को संचालित करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

निर्णयः विद्या परिषद द्वारा आगामी सत्र 2019–20 में उक्त कोर्स को संचालित करने की कार्यवाही करने पर सहमति प्रदान की गई।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ एवं जनभागीदारी समिति)

अध्यक्ष एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुये विद्यापरिषद की बैठक समाप्त घोषित की गई।

प्रो. संजय स्वर्णकार
अकादमिक सचिव
शासकीय कमला राजा कन्या स्ना. स्व. महा.,
ग्वालियर (म.प्र.) भारत

डा. बी.एम. कुलश्रेष्ठ
प्राचार्य
शा.कमला राजा कन्या स्ना.स्व.महावि.
ग्वालियर (म.प्र.)

प्रतिलिपि–

1. चैयरमेन/समस्त सदस्य, अकादमिक परिषद, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।
2. अकादमिक सचिव, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।
3. समन्वयक, आईक्यूएसी, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।
4. परीक्षा नियंत्रक, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।
5. समन्वयक, शार्ट टर्म कोर्स समन्वय समिति, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।
6. ग्रंथपाल, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।
7. क्रीड़ा अधिकारी, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।
8. कार्यालय प्रमुख, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।
9. लेखापाल, शासकीय के.आर.जी. स्ना. स्व. महाविद्यालय, ग्वालियर।

प्रो. संजय स्वर्णकार
अकादमिक सचिव
शासकीय कमला राजा कन्या स्ना. स्व. महा.,
ग्वालियर (म.प्र.) भारत

डा. बी.एम. कुलश्रेष्ठ
प्राचार्य
शा.कमला राजा कन्या स्ना.स्व.महावि.
ग्वालियर (म.प्र.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर
GOVT. KAMLA RAJA GIRLS P.G. AUTO. COLLEGE, GWALIOR (M.P.) INDIA
*(Affiliated to Jiwaji University, Gwalior under 2(f) & 12(b) NAAC – 'A' Grade Accredited Institute)*
www.krgcgwalior.org krgc@rediffmail.com Phone : 0751- 2625495, 0751-2438173

क्र0 ............/अका.प्र./अध्ययन मंडल/2019 ग्वालियर दिनांक 06 जुलाई, 2019

# विद्या परिषद की बैठक दिनांक 06 जुलाई, 2019 का कार्यवाही विवरण

दिनांक 06 जुलाई, 2019 को महाविद्यालय की विद्या परिषद की बैठक दोपहर 3:00 बजे स्वशासी विभाग के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नानुसार उपस्थिति रही –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. मंजू दुबे, प्रभारी प्राचार्य | | **अध्यक्ष** | उपस्थित |
| **शासी निकाय द्वारा मनोनीत** | | | **सदस्य** | |
| 1. | श्री जयप्रकाश मिश्रा | | '' | उपस्थित |
| 2. | श्री विष्णु जैन | | '' | अनुपस्थित |
| 3. | डॉ. एस.एन. झा | | '' | उपस्थित |
| 4. | डॉ. जीवनलाल मेवाफरोश, | | '' | अनुपस्थित |
| 5. | डॉ. संगीता शुक्ला | | '' | अनुपस्थित |
| **जीवाजी विश्वविद्यालय के मनोनीत प्रतिनिधि –** | | | **सदस्य** | |
| 1. | प्रो. राजीव जैन | | '' | अनुपस्थित |
| 2. | प्रो. रेनू जैन | | '' | अनुपस्थित |
| 3. | प्रो. उमेश होलानी, | | '' | अनुपस्थित |
| **महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष –** | | | **सदस्य** | |
| 1. | डॉ. इला शुक्ला | हिन्दी | '' | उपस्थित |
| 2. | डॉ. कृष्णा जैन | संस्कृत | '' | उपस्थित |
| 3. | डॉ. सविता श्रीवास्तव | अंग्रेजी | '' | उपस्थित |
| 4. | डॉ. वसीम इफ्तेखार अंसारी | उर्दू | '' | उपस्थित |
| 5. | डॉ. हरपाल सिंह चौहान | गणित | '' | (डा. के.के. शर्मा) उपस्थित |
| 6. | डॉ. मधुलक्ष्मी शर्मा | वनस्पतिशास्त्र | '' | उपस्थित |
| 7. | डॉ. राजेन्द्र दुबे | प्राणिशास्त्र | '' | उपस्थित |
| 8. | डॉ. मिनाली गोखले | भौतिकशास्त्र | '' | (डा. सुकृति घोष) उपस्थित |
| 9. | डॉ. बीना सिंह साहनी | रसायनशास्त्र | '' | उपस्थित |
| 10. | डॉ. संध्या मोघे | दर्शनशास्त्र | '' | उपस्थित |
| 11. | डॉ. जया जैन | चित्रकला | '' | उपस्थित |
| 12. | डॉ. मीरा मित्तल | अर्थशास्त्र | '' | उपस्थित |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13. | डॉ. अनुपम गुप्ता | राजनीतिशास्त्र | '' | उपस्थित |
| 14. | डॉ. एस.एस. तोमर | भूगोल | '' | उपस्थित |
| 15. | डॉ. मीना श्रीवास्तव | इतिहास | '' | उपस्थित |
| 16. | डॉ. जयश्री चौहान | समाजशास्त्र | '' | उपस्थित |
| 17. | डॉ. स्मिता सहस्त्रबुद्धे | संगीत | '' | उपस्थित |
| 18. | डॉ. चारू कटारे | गृहविज्ञान | '' | उपस्थित |
| 19. | डॉ. हरीश अग्रवाल | वाणिज्य | '' | उपस्थित |
| 20. | डॉ. संतोष यादव | बायोटेक्नोलोजी | '' | उपस्थित |
| 21. | डॉ. चारू चित्रा | विधि | '' | उपस्थित |
| 22. | डॉ. साधना पाण्डेय | माइक्रोबायोलोजी | '' | अनुपस्थित |
| 23. | डॉ. प्रीति कुलश्रेष्ठ | पर्यावरण विज्ञान (स्थानापन्न) | '' | उपस्थित |
| 24. | डॉ. बी.बी. सिंह | कम्प्यूटर साईंस | '' | उपस्थित |
| 25. | डॉ. साधना पाण्डेय | बायोइंफोर्मेटिक्स | '' | अनुपस्थित |
| 26. | डॉ. वी.के. अग्रवाल | प्रबंध | '' | उपस्थित |
| 27. | डॉ. एन.के. नगाईच | मनोविज्ञान | '' | उपस्थित |
| 28. | प्रो. मीना श्रीवास्तव | पर्यटन | '' | उपस्थित |
| **प्राचार्य द्वारा मनोनीत –** | | | **सदस्य** | |
| 1. | डॉ. ईला शुक्ला, | | '' | उपस्थित |
| 2. | डॉ. चरणजीत कौर, | | '' | अनुपस्थित |
| 3. | डॉ. संजय स्वर्णकार, | अकादमिक सचिव | '' | उपस्थित |
| **विशेष आमंत्रित –** | | | | |
| 1. | डॉ. आर. सी. उपाध्याय | परीक्षा नियंत्रक | | उपस्थित |

विद्यापरिषद की कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार है –

1. विद्यापरिषद की पूर्व बैठक 29 अगस्त, 2018 में लिये गये निर्णयों एवं उन पर की गई कार्यवाही के विषय में अकादमिक सचिव द्वारा परिषद को अवगत कराया गया। परिषद द्वारा पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

2 दिनांक 29 जुलाई, 2019 को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न विषयों एवं शार्ट टर्म कोर्सेस के अध्ययन मण्डल की बैठक में पारित पाठ्यक्रमों का अनुमोदन करने संबंधी प्रस्ताव।

निर्णय– विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से समस्त पाठ्यक्रम अनुमोदित किये गये तथा यह भी निर्णय लिया गया कि यदि निकट भविष्य में उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा गठित केन्द्रीय अध्ययन मंडल के माध्यम से स्नातक स्तर के विषयों के पाठ्यक्रमों में कोई परिवर्तन किया जाता है, जो कि संभावित है, तो संबंधित पाठ्यक्रम में सत्र 2019–2020 के लिये ये परिवर्तित पाठ्यक्रम ही मान्य किये जायेंगे।

(कार्यवाही – समस्त अकादमिक विभाग एवं परीक्षा प्रकोष्ठ)

3. विभिन्न विषयों के अध्ययन मण्डलों द्वारा पारित विषय विशेषज्ञ एवं परीक्षकों के समूहों के अनुमोदन का प्रस्ताव रखा गया।

निर्णय– विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया एवं विश्वविद्यालय से मनोनीत सदस्य द्वारा मनोनीत सदस्य डॉ. एस.एन. झा द्वारा प्रस्तुत सुझाव कि महाविद्यालय में अध्ययन मण्डल की बैठक मार्च माह में कराई जाये, पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ)

4. सत्र 2019–20 महाविद्यालय में शार्ट टर्म कोर्सेस को संचालित करने के लिये एक स्वतंत्र प्रकोष्ठ स्थापित करना तथा प्रकोष्ठ के माध्यम से प्रवेश, अध्यापन तथा परीक्षा के कार्य संचालित करने का प्रस्ताव।

निर्णय– विद्या परिषद द्वारा महाविद्यालय में शार्ट टर्म कोर्सेस संचालित करने के लिये पूर्व से संचालित प्रक्रिया को जारी रखने का प्रस्ताव पारित किया गया।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ एवं एस.टी.सी.सी)

5. अध्ययनमंडल द्वारा पारित विभाग के शोध एवं अकादमिक प्रस्तावों का अनुमोदन करना –

– महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय व्यावसायिक संगठनों जैसे – राजनीतिविज्ञान परिषद, समाजविज्ञान परिषद, मध्यप्रदेश इतिहास परिषद, सांस्कृतिक एकता परिषद आदि के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय शोध संगोष्ठी एवं कार्यशालाओं का आयोजन करना।

– रसायनशास्त्र विभाग द्वारा बायोइंफोर्मेटिक्स के सहयोग से एक सप्ताह की कार्यशाला, राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी, औद्योगिक रसायन विषय की छात्राओं हेतु एक औद्योगिक ईकाई का शैक्षणिक भ्रमण, एम.एससी. की छात्राओं हेतु वाटर प्लांट का भ्रमण।

– अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक राष्ट्रीय कार्यशाला, शोध प्रविधि पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला, एक औद्योगिक ईकाई के शैक्षणिक भ्रमण का प्रस्ताव।

– अंग्रेजी विभाग द्वारा एजुकेशनल टूर टू लिटरेरी फेस्टिवल इन जयपुर में भ्रमण तथा दस दिवसीय अंग्रेजी भाषा की कार्यशाला का प्रस्ताव।,

– इतिहास विभाग द्वारा एक अध्ययन भ्रमण, भारतीय इतिहास में महिलाओं का योगदान विषय पर एक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी एवं ग्वालियर में सांस्कृतिक इतिहास का विकसित स्वरूप विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन तथा ग्वालियर अथवा इसके आस–पास के एक ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण।,

– संस्कृत विभाग द्वारा ज्योतिष एवं योग विषय पर दस दिवसीय कार्यशाला।,

– गृह विज्ञान विभाग द्वारा एक सप्ताह की कार्यशाला, प्रत्येक स्नातकोत्तर विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला, प्रत्येक स्नातकोत्तर विभाग में, एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन, न्यूट्रीशन वीक।

– मनोविज्ञान विभाग द्वारा एक शोध संगोष्ठी अथवा कार्यशाला का आयोजन।

– भूगोल विभाग द्वारा तीन शैक्षणिक भ्रमणों का आयोजन। पर्यटन प्रबंधन एवं सुदूर संवेदन एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली विषयों पर दो शार्ट टर्म कोर्सेस आरंभ करने का प्रस्ताव।

– प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा चार शैक्षणिक भ्रमण (भरतपुर, शिवपुरी, देवरी, गांधी प्राणी उद्यान ग्वालियर)।

- संगीत विभाग द्वारा प्रदर्शनात्मक व्याख्यान हेतु प्रस्ताव 19 सितंबर 18, रिकार्डिंग स्टूडियो का प्रस्ताव, कक्षाओं में ऑडियो सिस्टम का प्रस्ताव।
- चित्रकला विभाग द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला 'प्रकृति चित्रण–महाविद्यालय परिसर' का आयोजन तथा स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर की छात्राओं को स्थानीय भ्रमण का प्रस्ताव।
- वनस्पतिशास्त्र विभाग द्वारा 'टूल्स एंड टेक्नीकस् इन बॉटनी' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला, पर्यावरण विषय पर एक कार्यशाला, स्थानीय एवं राज्य स्तरीय शैक्षणिक भ्रमणों का आयोजन। 2020 में डी.एस. राठौर की स्मृति में लेक्चर सीरीज कम सिम्पोजियम का आयोजन का प्रस्ताव।
- समाजशास्त्र विभाग द्वारा एक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन एवं शैक्षणिक भ्रमण का प्रस्ताव तथा ईवेंट मैनेजमेंट पर शार्ट टर्म कोर्स को संचालित रखने का प्रस्ताव।
- भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन। इलैक्ट्रॉनिक्स विषय में एक कार्यशाला।
- प्रबंध विभाग में एक औद्योगिक भ्रमण।
- राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा एक राष्ट्रीय कार्यशाला, नारीवादी चिंतन पर शार्ट टर्म कोर्स (फेकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम), एक शैक्षणिक भ्रमण का प्रस्ताव।
- विधि संस्थान में दो मूट कोर्ट का आयोजन (इंट्रा एंड इंटर कालेज), इंटर कालेज निबंध प्रतियोगिता, उच्च न्यायालय में भ्रमण, वाद–विवाद तथा क्विज प्रतियोगिता, विधिक जागरूकता शिविर, इंटर्नशिप के लिये प्रति छात्रा राशि रू.500.00, पारिश्रमिक अभिभाषकों को, पैरालीगल/लीगल एड क्लीनिक, 25 अतिथि व्याख्यान प्रत्येक सेमेस्टर में प्रस्तावित।
- माइक्रोबायोलॉजी विषय में तीन शैक्षणिक भ्रमण का प्रस्ताव।
- पर्यावरण विषय में एक कार्यशाला अथवा सेमीनार का प्रस्ताव।
- बायोइंफोर्मेटिक्स विषय में एक सप्ताह की कार्यशाला का प्रस्ताव। एक शैक्षणिक भ्रमण का प्रस्ताव। बायो इंफोर्मेटिक्स में छः माह का शार्ट टर्म कोर्स का प्रस्ताव।
- बायोटेक्नोलॉजी विभाग में एक स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम, पर्यावरण विषय पर एक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी तथा एक माह का इंस्ट्रूमेंटेशन कोर्स का प्रस्ताव।

निर्णय– परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उक्त समस्त अकादमिक एवं शोध गतिविधि संबंधी प्रस्तावों को पारित किया गया।

(कार्यवाही – संबंधित विभाग)

6. उच्च शिक्षा विभाग, मध्य–प्रदेश शासन द्वारा 01 जून, 2019 को सत्र 2019–2020 हेतु जारी अकादमिक कैलेण्डर के आधार पर इस स्वशासी महाविद्यालय के अकादमिक कैलेण्डर को पारित करना।,

निर्णय– परिषद द्वारा उक्त अकादमिक कलेंडर को संज्ञान में लिया गया।

(कार्यवाही – अकादमिक प्रकोष्ठ एवं कार्यालय प्रमुख)

